**खबर संक्षेप**

### ध्रुव भाजयुमो के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी नियुक्त



**सतना।** आर एस एस के प्रशिक्षित स्वयंसेवक ध्रुव वीर विक्रम सिंह को भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश टीम में 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। एमटेक और एल एल एम जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त ध्रुव की इस नियुक्ति पर सांसद गणेश सिंह,मंत्री प्रतिमा बागरी और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस



**सतना।** शहर के रेलवे ट्रैक पर आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।सूचना पाकर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक के हुलिए और पास मिले सामानों के आधार पर पहचान के प्रयास कर रही है।सिटी कोतवाली थाना सतना ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास भी इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो,तो वे तत्काल थाने में सूचना दें। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है कि यह दुर्घटना है या आत्महत्या।

### कोलगवां में चोरों का तांडवः एक ही रात में 6 दुकानों के ताले टूटे



**सतना।** शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत रीवा रोड स्थित क्राइस्ट ज्योति स्कूल के पास बीती रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने एक साथ 6 दुकानों के शटर के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया। शातिर चोर कुछ दुकानों से कीमती सामान और नकदी समेट ले जाने में सफल रहे। शुक्रवार सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे,तो टूटे हुए ताले देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। दुकानदारों का आरोप है कि इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है और पूर्व में भी कई बार चोरियां हो चुकी हैं,लेकिन पुलिस अब तक ठोस कार्रवाई करने में विफल रही है।

### लापरवाही जान लेवा हो सकती है :प्रभात

**मैहर।** हृदय स्थल घंटाघर में यह गड्ढा वर्षों से आम लोगों के लिए जानलेवा बना हुआ है। इस गड्ढे में जहा सुरक्षा की जाली होनी चाहिए थी जो आज वर्षों बाद भी नहीं लग पाई और यह गड्ढा लोगों के लिए



मुसीबत का सबब बना हुआ है। दो पहिया वाहन चार चक्के के वाहन इस गड्ढे में समा रहे है जिससे लोगों को आर्थिक और शारीरिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। नेता प्रभात द्विवेदी ने आज हुई घटना से प्रशासन को सीख लेने की सलाह दी है साथ ही प्रशासन को आगाह किया कि जल्द ही समस्या का निदान शहर की जिम्मेवार नगरपालिका के अधिकारी करे जिससे होने वाली घटना दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव का स्वागत

**मैहर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा के मैहर आगमन पर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई एवं सेवादल जिला अध्यअ क्षरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन मैहर में जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री भार्गव मां शारदा माता जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए मैहर ब्लॉक की गतिविधियों से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रदेश अध्यक्ष श्री भार्गव के समक्ष प्रस्ताव रखा की प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मैहर जिले में किया जाए। उक्त प्रस्ताव को तत्काल प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत प्रदान कर दी गई।

# बिरला अस्पताल में परिजनों का भारी हंगामा, प्रबंधन ने वापस लौटाए पैसे








**सतना।**

शहर के प्रतिष्ठित बिरला अस्पताल में शुक्रवार को उस वक्त स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब एक मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर धांधली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मामला महिला के ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन से जुड़ा था,जिसमें लापरवाही और बिलिंग को लेकर विवाद शुरू हुआ। दोपहर से लेकर शाम तक चले इस ड्रामे की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। परिजनों के बढ़ते आक्रोश और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद अस्पताल प्रबंधन बैकफुट पर आ गया। आखिरकार प्रबंधन ने अपनी गलती स्वीकारते हुए मरीज के परिजनों को दो अलग-अलग चेक के माध्यम से 1,87,307 रुपये की राशि वापस कर दी। राशि वापसी के बाद ही परिजनों ने अपना विरोध प्रदर्शन शांत किया। यह घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## चित्रकूट में भीषण सड़क हादसा: बाइक और कार की आमने-सामने भिड़ंत, युवक की मौत



**सतना।**

जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पालदेव के समीप शुक्रवार की सुबह एक हृदय विदारक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई सीधी भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। चित्रकूट थाने से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार,मृतक की शिनाख्त विपिन कुमार वर्मा (23वर्ष),पुत्र धीरज वर्मा के रूप में हुई है। विपिन उत्तर प्रदेश के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखनपुर लुखमा खुर्द का निवासी था। चश्मदीदों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में दिख रहे युवक को तत्काल जानकीकुंड चिकित्सालय पहुँचाया। हालांकि,वहां मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी,जिसके बाद बदहवास परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मौसम का मिजाज बदलाः वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण एक हफ्ते तक रहेगा बादलों का डेरा

**सतना।**

सतना जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और प्रदेश के ऊपर से गुजर रही ट्रफ लाइन के सक्रिय होने के कारण पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शुक्रवार को भी आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और कई हिस्सों में बूंदाबांदी दर्ज की गई।



### मौसम विभाग का पूर्वानुमान

मौसम वैज्ञानिक आर.के. श्रीवास्तव के मुताबिक,आगामी एक सप्ताह तक जिले में इसी तरह की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आसमान में अचानक बादल छाएंगे और तेज हवाओं के साथ गरज-चमक की स्थिति निर्मित हो सकती है। कहीं-कहीं हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। इस नए सिस्टम के प्रभाव से 5 अप्रैल तक तेज हवाएं चलने और बूंदाबांदी होने का पूर्व अनुमान जताया गया है।

### तापमान में उतार-चढ़ाव

शुक्रवार सुबह हुई बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के चलने से वातावरण में काफी ठंडक महसूस की गई। सुबह का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि,मौसम विज्ञानी ने यह भी बताया कि बूंदाबांदी के बाद जैसे ही तेज धूप निकलती है,वातावरण में उमस और भारी गर्माहट बढ़ जाती है।

### आमजन को सलाह

मौसम विभाग का कहना है कि करीब एक हफ्ते तक आसमान साफ नहीं होगा। जहां तेज हवाओं और बौछारों से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी,वहीं बादल छंटने के बाद तेज धूप के कारण भीषण गर्मी का अहसास होगा। फिलहाल,जोरदार बारिश की संभावना कम है,लेकिन तेज हवाओं के चलते किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति पर हुई समीक्षा

**सतना।**

एचपीवी वैक्सीनेशन में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर सतना एवं मैहर के संयुक्त निर्देशन में जिला पंचायत सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने सभी संबंधित विभागों की ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ,सभी बीएमओ एवं उनकी टीम,महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ एवं सीडीपीओ,स्कूल शिक्षा विभाग के डीईओ एवं डीपीसी तथा दोनों जिलों के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ शामिल हुए। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पंचायत में अगले तीन दिनों के भीतर 20-20 वैक्सीनेशन सुनिश्चित किए जाएं। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगी को ग्रामीण रोजगार सहायक,सचिव और सरपंचों के साथ समन्वय कर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया कि तीन दिनों में जिले की प्रगति में सुधार दिखना चाहिए,जिससे स्टेट वाइड रैंकिंग में भी सुधार हो सके। बैठक में यह भी सामने आया कि स्कूल शिक्षा विभाग लक्ष्य पूर्ति में पीछे है तथा निजी विद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षित समन्वय नहीं हो पा रहा है। इस पर चेतावनी देते हुए कहा गया कि जो निजी विद्यालय शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित नहीं करेंगे या सहयोग नहीं देंगे,उनके खिलाफ समाचार पत्रों,मीडिया और सोशल मीडिया में जानकारी प्रसारित की जाएगी,जिससे होने वाले नुकसान के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग के कमजोर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों, आशा, आशा सहयोगी, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, सीएचओ एवं सुपरवाइजर के साथ-साथ पीछे चल रहे बीएमओ पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यक होने पर कलेक्टर के माध्यम से नोटिस जारी किए जाएंगे तथा संविदा कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने तक की कार्यवाही की जाएगी।

## उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**सतना।**

किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता,समयबद्धता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जिले में लागू ई-विकास प्रणाली के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्त कार्यवाही की है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में 1 अप्रैल 2026 से उर्वरकों का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाना अनिवार्य किया गया है।इसके बावजूद 3अप्रैल को जिले के 6उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बिना ई-विकास प्रणाली के किसानों को उर्वरक बेचने का मामला सामने आया। आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मे.गुप्ता खाद भण्डार बेला रामपुर बाघेलान,मे.जय कामतानाथ कृषि एवं खाद बीज भण्डार बर्रेह बड़ा अमरपाटन मैहर,मे.कुशवाहा कृषि सेवा केन्द्र बस स्टैण्ड ग्राम सलैया मैहर,मे.सावित्री एग्रो गोरइया रामपुर बाघेलान,मे.किशन खाद एजेंसी कोलगवां सोहावल,मे.चतुर्वेदी एग्रीकल्चर सरिसताल बाबूपुर सोहावल द्वारा बिना ई-विकास प्रणाली के उर्वरकों का विक्रय कृषकों को किया गया है।इसे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन मानते हुए उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास सतना आशीष पाण्डेय द्वारा संबंधित संस्थाओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन प्रतिष्ठानों द्वारा किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अन्य सभी उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि बिना ई-विकास प्रणाली के उर्वरक बिक्री करने पर उनके खिलाफ भी इसी प्रकार की कार्यवाही होगी। सभी विक्रेताओं से केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरक बेचने तथा खुली बोरी से बिक्री न करने की अपील की है। किसानों से भी आग्रह किया गया है कि वे ई-विकास प्रणाली के जरिए टोकन बुक कर ही उर्वरक खरीदें,जिससे उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध हो सके।

## अमरपाटन में अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, तीन हाइवा जप्त




**सतना।**

मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ के सख्त रुख के बाद जिले में खनिज माफियाओं के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम ने अमरपाटन क्षेत्र में दबिश देकर अवैध और ओवरलोड रेत परिवहन कर रहे तीन हाइवा वाहनों को जप्त किया है। खनिज इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई गुरुवार, 2अप्रैल 2026 की दोपहर को की गई। जांच के दौरान पाया गया कि वाहन बिना वैध अनुमति (पिट पास) के रेत का परिवहन कर रहे थे और निर्धारित क्षमता से अधिक भार लदे हुए थे। विभाग ने नियमों के उल्लंघन पर चलानी कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जप्त कर सुरक्षा की दृष्टि से थाना अमरपाटन की अभिरक्षा में खड़ा कराया है। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध उत्खनन और परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**सतना।**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम माधवगढ़ में सफलतापूर्वक समापन हो गया।28मार्च से 3अप्रैल तक आयोजित इस शिविर का समापन समारोह उत्साह,उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।समापन दिवस की शुरुआत प्रभात फेरी एवं श्रमदान से हुई,जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम में स्वच्छता एवं जन जागरूकता का संदेश दिया। अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने पशुओं के लिए पानी की नाद निर्माण,मंदिर परिसर की सफाई एवं वृक्षारोपण जैसे सराहनीय कार्य किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसपी डी.पी.सिंह चैहान रहे,जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.सी.राय ने की। विशिष्ट अतिथियों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर एवं मिस साउथ एशिया मीनाक्षी सिंह, विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा,जिला संगठक डॉ.क्रांति मिश्रा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पर्यावरण संकल्प हमारा-प्लास्टिक मुक्त हो मैहर अभियान का शुभारंभ

मैहर। नगर के घंटाघर क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त भारत हो हमारा अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अभियान का उद्देश्य मैहर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाना और लोगों को पर्यावरणसंरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर कपड़े और जूट के बैग का उपयोग करें। इस अवसर पर प्रशासनिक स्तर पर एसडीएम दिव्या पटेल मौजूद रहीं और उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन मिनीलैंड स्कूल एकेडमी के संचालक जितेंद्र सिंह होरा एवं समस्त स्टाफ एवं बच्चों द्वारा किया गया,जिनके प्रयासों से अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नाली सफाई अभियान चलाया गया

**मैहर।** नगर पंचायत अमरपाटन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नाली सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना एवं जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाना है। अभियान के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में नालियों की साफ-सफाई कर कचरा एवं गाद निकाली गई,जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारू हो सके। इस कार्य में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुषमा मिश्रा ने बताया कि "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत नियमित रूप से साफ-सफाई कार्य किए जा रहे हैं,ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या न हो और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने नगर वासियों से भी अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### भक्तिभाव से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**पन्ना।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर पन्ना नगर पालिका परिषद में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय परिसर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति की बयार बही। प्रसिद्ध गायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुंदरकांड के पाठ पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। श्रीमती पाण्डेय ने भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में नगर पालिका के विभिन्न वार्डों के पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। हनुमान जन्मोत्सव को पूरे नगर पालिका परिवार ने मिल-जुलकर बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के समापन पर विधि-विधान से आरती की गई, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह और श्रद्धालुओं को भारी मात्रा में प्रसाद वितरण किया गया। पूरा कार्यालय परिसर ''जय श्री राम'' और ''जय हनुमान'' के जयकारों से गुंजायमान रहा, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### अमानगंज कॉलेज से 10 नकलची पकड़े

**अमानगंज।** पन्ना विश्वविद्यालय के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार को पन्ना जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए गए। उड़नदस्ता के समन्वयक एवं अग्रणी महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस.डी. चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने प्रथम पाली (सुबह 09रू00 बजे से 12रू00 बजे तक) में पीएमसीओई पन्ना एवं अशासकीय वैष्णव माता महाविद्यालय पन्ना का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन पाई गई। हालांकि, द्वितीय पाली (दोपहर 02रू00 बजे से 05रू00 बजे तक) में शासकीय महाविद्यालय अमानगंज में निरीक्षण के दौरान स्थिति भिन्न रही। यहां उड़नदस्ता टीम की मौजूदगी में कुल 10 नकल प्रकरण दर्ज किए गए, जिससे परीक्षा में सख्ती नजर आई। निरीक्षण दल में डॉ. जे.के. वर्मा, डॉ. सिद्धू सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। साथ ही द्वितीय पाली में क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पूनम सिंह की भी उपस्थिति रही। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नकल करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी स

### 6 शराब दुकानों का नहीं हो सका निष्पादन



**पन्ना।** मध्यप्रदेश की नवीन आबकारी नीति अनुसार पन्ना जिले की 39 में से 6 शराब दुकानों क्रमशः पवई, गुनौर, सलेहा, कृष्णगढ़, अजयगढ़ और मोहन्द्रा का निष्पादन विगत 31 मार्च तक नहीं हो सका है। शासन के निर्देशानुसार अब शेष बची शराब की दुकानों का संचालन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला निष्पादन समिति द्वारा किया जाएगा। इसके लिए आबकारी उप निरीक्षकों को दुकान प्रभारी बनाया गया है। आबकारी आरक्षक एवं नगर सैनिकों को विक्रयकर्ता नियुक्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि शराब दुकान पवई, कृष्णगढ़ और मोहन्द्रा का प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय को बनाया गया है। शराब दुकान गुनौर और सलेहा के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक हरीश पाण्डेय तथा शराब दुकान अजयगढ़ का प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक विक्रांत जैन को बनाया गया है, जबकि विक्रयकर्ता के रूप में आबकारी आरक्षक सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, वीरेन्द्र यादव, पंचम सिंह नायक, बृजेन्द्र सिंह, प्रभुदयाल वर्मा, प्रेमलाल प्रजापति एवं रामरतन प्रजापति को नियुक्त किया गया है। अभी भी शेष शराब दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया प्रचलित है। निष्पादन प्रक्रिया पूर्ण होने तक दुकानों का संचालन शासकीय ही होगा।

# पुलिस द्वारा मारपीट एवं अवैध हथियार के मामले में त्वरित कार्यवाही: 2 आरोपी गिरफ्तार

## जमीनी विवाद के चलते मारपीट एवं हवाई फायर कर दी गई थी जान से मारने की धमकी





**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में मारपीट एवं अवैध हथियार के गंभीर प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 04/03/2026 को फरियादी केदारनाथ पटेल पिता स्व. श्रीराम पटेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि भूमि विवाद को लेकर आरोपी किर्तू पटेल, भास्कर पटेल, अवधेश पटेल एवं बिहारी पटेल से पूर्व से रंजिश चल रही थी। उक्त रंजिश के चलते आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ मारपीट की गई। घटना के दौरान आरोपी किर्तू पटेल एवं अवधेश पटेल अपने हाथ में देशी कट्टा लिए हुए थे, जिसमें से किर्तू पटेल द्वारा हवाई फायर कर फरियादी को जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 63/2026 धारा 125, 296(बी), 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं एसडीओपी गुनौर श्री राजीव भदौरिया के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए, ग्रामीणों से पूछताछ की गई एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपियों की तलाश में संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई। इसी क्रम में दिनांक 02/04/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बस स्टैंड गुनौर में बस से आ रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर बस से उतरते ही आरोपी किर्तू पटेल को पकड़ लिया गया। मौके पर उसका भाई अवधेश पटेल भी मिला, जिसे भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर ग्राम हार से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं एक खाली खोखा जप्त किया गया। अवैध हथियार मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी-** किर्तू पटेल पिता बिहारी पटेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर जिला पन्ना। अवधेश पटेल पिता बिहारी पटेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम सुरदहा थाना गुनौर जिला पन्ना।

**सराहनीय योगदान** - उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष कश्यप, आरक्षक योगेन्द्र सिंह, नीलेश एवं अमन का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर पवई नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

### गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत



**पवई।**

कलयुग के राजा भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर देशभर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ दर्शन करने के लिए देखी जा रही है,इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम अनुष्ठान पूजन, सुंदर कांड पाठ, भंडारा इत्यादि का भी आयोजन किया जा रहा है। पन्ना जिले के पवई में भी बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम उत्साह एवं धूमधाम तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया,सर्वप्रथम पवई नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर में सुंदरकांड पाठ और आरती हुई तत्पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ हुई,जो अजय मेडिकल,सुभाष चौक, गांधी चौक,झंडा बाजार, खटीक मोहल्ला, मोहन्द्रा तिराहा से होकर करही मोड पहुंची जहां हनुमान मंदिर में महराज की आरती की गई, उसके बाद शोभायात्रा मिलौनीगंज से होते हुए बस स्टैंड और पुनः जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची जहां समापन हुआ , और प्रसाद वितरण किया गया। जगह-जगह नगर वासियों के द्वारा शोभायात्रा के दौरान महराज की पूजा आरती की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार रत्न राशि पाण्डेय एसडीओपी भावना दांगी मोहनी आनद मिश्रा सहित पुलिस बल भी शोभायात्रा के साथ मौजूद रहा।

### आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम खिरवा टोला में डेढ़ एकड़ फसल जलकर राख

## डायल 112 और ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा नुकसान टला



**देवेंद्रनगर।**

डायल 112 में पदस्थ प्रधान आरक्षक केपी सिंह यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्रनगर क्षेत्र में अचानक बदले मौसम ने किसानों पर कुदरत की ऐसी मार बरपाई कि देखते ही देखते खेत में खड़ी फसल आग की लपटों में घिर गई। ग्राम खिरवा टोला में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की करीब डेढ़ एकड़ फसल जलकर राख हो गई। हालांकि समय रहते डायल 112 की टीम और ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया, जिससे आसपास की अन्य फसलें जलने से बच गईं और एक बड़ा नुकसान टल गया। देवेंद्रनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खिरवा टोला के हार में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और कुदरत की मार किसानों पर भारी पड़ गई। डायल 112 में पदस्थ प्रधान आरक्षक केपी सिंह यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खेत में खड़ी फसल में अचानक भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में किसान छोटे सरकार बागरी की लगभग डेढ़ एकड़ फसल जलकर राख हो गई। आग लगते ही खेत में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक केपी सिंह यादव एवं पायलट नरेंद्र अहिरवार ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। डायल 112 टीम की सूझबूझ और ग्रामीणों की तत्परता से आग को तेजी से फैलने से रोक लिया गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास की और भी फसलें इसकी चपेट में आ सकती थीं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता था। अचानक बदले मौसम और आकाशीय बिजली की इस घटना ने क्षेत्र के किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। फसल कटाई के बीच हुई इस घटना को किसान कुदरत की मार बता रहे हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

### भाजपा स्थापना दिवस एवं गांव चलो अभियान की तैयारी बैठक अमानगंज में हुई संपन्न

# एक सप्ताह चलेंगे विभिन्न आयोजन



**अमानगंज।**

भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं जिला संगठन के मार्गदर्शन में पन्ना जिला मुख्यालय जिले के प्रत्येक मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक भारतीय जनता पार्टी अपना स्थापना दिवस आगामी 6 अप्रैल को मनाने जा रही है जिसको लेकर तैयारी का दौर अब तेज हो गया है। पन्ना जिले के अमानगंज मंडल में इस विषय को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी पन्ना के महामंत्री जी मानवेंद्र सिंह जी की मुख्य अतिथि में व मंडल संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन स्थानीय विश्रामगृह में आयोजित की गई। इस आयोजन कार्यक्रम की सभी रूप रेखाएं विस्तार पूर्वक महामंत्री जी द्वारा बताई गई और बताया कि यह आयोजन पूरे एक सप्ताह विभिन्न चरणों में चलेगा किसकी शुरुआत 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस से होगी आयोजन में मंडल संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत जी ने इस आयोजन में सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका और मंडल स्तर के बड़े-बड़े ग्रामों को आज ही चिन्हित किया और आयोजन की रूपरेखा तैयार करते हुए बताया कि यह आयोजन हमें पूर्ण उत्साह के साथ गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मनाना है कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी विशाल सिंह भदोरिया मंडल संगठन के उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी भूपेंद्र सिंह अरविंद दुबे आनंद सिंह राजपूत मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा कमलेश पांडे विक्की अग्रवाल राजेंद्र सिंह राजपूत कमलेश प्रजापति सहित संगठन के विभिन्न पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## वित्तीय वर्ष 2026-27 में बजट खर्च की नई व्यवस्था, वित्त विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**पन्ना।** वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट आवंटन और व्यय की पारदर्शी एवं अनुशासित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग ने सभी विभागों को स्पष्ट किया है कि स्वीकृत बजट का उपयोग वित्तीय अनुशासन, मितव्ययता और निर्धारित त्रैमासिक सीमा के अनुरूप ही किया जाए, साथ ही नई योजनाओं पर व्यय से पहले सक्षम प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्व और पूंजीगत व्यय के बजट शीर्षों में प्रावधानित राशि का 100 प्रतिशत आवंटन जारी किया गया है। मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-2) अधिनियम, 2026 के तहत सभी विभागों को उनकी मांग संख्याओं के अनुसार अनुदान स्वीकृत किया गया है। बजट से संबंधित विस्तृत जानकारी बजट पुस्तकों के साथ-साथ वित्त विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई गई है। निर्देशों के अनुसार बजट में अपरीक्षित मद के रूप में रखी गई नवीन योजनाओं पर व्यय तभी किया जा सकेगा, जब सक्षम प्राधिकारी से योजना का अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा। अनुमोदन के बाद संबंधित विभाग को इसकी जानकारी वित्त विभाग को देनी होगी, जिसके पश्चात ही योजना पर व्यय की अनुमति दी जाएगी। वित्त विभाग ने विभागीय व्यय को तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया है। मुक्त श्रेणी, केन्द्र प्रवर्तित योजनाएं तथा सामान्य श्रेणी। मुक्त श्रेणी में वेतन-भत्ते, मजदूरी, न्यायालयीन डिक्री, छात्रवृत्ति, प्राकृतिक आपदा और ऋण अदायगी जैसे अत्यावश्यक व्यय शामिल किए गए हैं। इन पर त्रैमासिक व्यय सीमा लागू नहीं होगी। इसी प्रकार केन्द्र प्रवर्तित और केन्द्र क्षेत्रीय योजनाओं पर भी त्रैमासिक सीमा लागू नहीं होगी। सामान्य श्रेणी के राजस्व और पूंजीगत व्ययों के लिए त्रैमासिक व्यय सीमा निर्धारित की गई है। यह सीमा संबंधित बजट नियंत्रण अधिकारी द्वारा वार्षिक आवंटन के आधार पर तय की जाएगी। यदि निर्धारित समय तक इसमें संशोधन नहीं किया जाता है, तो प्रत्येक त्रैमास के लिए 25 प्रतिशत व्यय सीमा स्वतः लागू हो जाएगी। अनुपूरक बजट प्रावधान जारी होने के बाद बजट नियंत्रण अधिकारी को 15 दिनों के भीतर व्यय सीमा का पुनर्निर्धारण करना होगा। यदि किसी बजट लाइन से दूसरी लाइन में पुनर्विनियोजन किया जाता है, तो उसके अनुसार व्यय सीमा स्वतः समायोजित हो जाएगी। किसी त्रैमास की बची हुई राशि को अगले त्रैमास में उपयोग करने के लिए वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक होगी। वित्त विभाग ने विभागों को निर्देश दिए हैं कि बजट आवंटन से अधिक नए दायित्व निर्मित न किए जाएं। सबसे पहले लंबित दायित्वों का निराकरण किया जाए और उसके बाद ही शेष बजट के अनुसार लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। सामग्री क्रय और व्यय संबंधी सभी प्रक्रियाओं में मध्यप्रदेश वित्त संहिता के नियमों और शासन के मितव्ययता संबंधी आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में केन्द्र से धनराशि प्राप्त होने के बाद ही केन्द्रांश और राज्यांश का आहरण कर सिंगल नोडल एजेंसी खातों में राशि निर्धारित समयावधि में अंतरित की जाए। किसी भी स्थिति में राशि के अंतरण में देरी से ब्याज भुगतान की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, इसके लिए संबंधित विभाग को जिम्मेदार माना जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और वैधानिक निगमों को अपने वित्तीय लेखों का समय पर अंतिमकरण करने के



## विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जुगल किशोर महालोक निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**पन्ना।**

जुगल किशोर महालोक के निर्माण कार्यों को लेकर पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने स्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति, गुणवत्ता तथा समय-सीमा का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुगल किशोर महालोक जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता न हो। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि भगवान जुगल किशोर सरकार का यह धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां वर्षों से श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी हुई है और बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं। महालोक के निर्माण से यह स्थल और अधिक भव्य स्वरूप में विकसित होगा, जिससे इसकी धार्मिक पहचान और भी मजबूत होगी।उन्होंने बताया कि यह परियोजना केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पन्ना को एक बड़े धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।विधायक श्री सिंह ने निर्माण कार्य की बारीकियों को मौके पर ही जांचा और जहां कमियां दिखाई दीं, वहां तुरंत सुधार के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य में देरी या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह की सख्ती के साथ अब यह भी साफ है कि जुगल किशोर महालोक न सिर्फ एक निर्माण परियोजना, बल्कि आस्था, संस्कृति और विकास का केंद्र बनकर उभर रहा है, जहां गुणवत्ता और समय-सीमा दोनों सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।।

# सिद्ध स्थल हनुमान भाटा उमड़ा जनसैलाब कन्या भोजन के साथ हुआ वस्त्र दान





**पन्ना।**

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध सिद्ध स्थल हनुमान भाटा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और "जय श्री राम" व "बजरंगबली की जय" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रातः काल से ही विशेष पूजन-अर्चन एवं हनुमान चालीसा पाठ का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जो पूरे दिन जारी रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान हनुमान के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के अनुसार इस अवसर पर करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। हनुमान जयंती के अवसर पर कन्या भोज का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं को आमंत्रित कर श्रद्धा भाव से भोजन कराया गया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को वस्त्र दान भी किया गया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। सामाजिक सेवा के इस कार्य में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों के साथ पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला और देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। हनुमान भाटा में मनाई गई यह हनुमान जयंती भक्ति, सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण बन गई।

# हनुमान जन्मोत्सव पर सटई में निकली भव्य शोभायात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत



**छतरपुर।** सटई नगर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा भभूतिया टीक मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, थाना परिसर, भारत माता चौक, रैकवार मोहल्ला और तालाब मोहल्ला होते हुए पुनः बस स्टैंड पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बैंड-बाजों व डीजे पर बज रहे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि मुस्लिम बस्ती में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी फूल बरसाकर साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बजरंग दल समिति द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गईं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी सुनीता बिदुआ अपने दल-बल के साथ मौके पर मौजूद रहीं और व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लेती रहीं। अंत में रामदरबार की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव ईशानगर व बंधीकला में निकली भव्य शोभा यात्राएं



**ईशानगर।** ईशानगर के पाल मोहल्ला स्थित मंडलेश्वर मंदिर एवं बंधीकला के पीरी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें बैंड-बाजे और डीजे की धुनों पर भक्तजन जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन में महंत श्री राम मनोहर दास जी, पंडित जगदीश प्रसाद पटेरिया सहित अनेक श्रद्धालु, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। वहीं ईशानगर में भी शोभायात्रा का गांधी तिगड्डा, लक्ष्मी नारायण मंदिर और पड़ाव चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। विशेष रूप से मुस्लिम एवं हिंदू संगठनों द्वारा मिलकर स्वागत किया जाना सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बना। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और एकता का माहौल देखने को मिला।



# खजुराहो में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**खजुराहो।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक आकर्षक और भव्य रही। शोभायात्रा गली के बब्बा जू मंदिर से प्रारंभ होकर स्कूल चौराहा, गांधी चौराहा, पहल वाटिका, शिवसागर तालाब एवं मुख्य बाजार से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा में घोड़े, ऊंट, बग्घियां, ढोल-मंजीरे, रामधुन तथा देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें हनुमान जी एवं जामवंत जी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया गया और कई जगहों पर पुष्पवर्षा भी की गई। अंत में मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भव्य महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं





**छतरपुर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी की अध्यक्षता में स्थानीय जटाशंकर होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में छत्रसाल व्यापारी महासंघ सहित जिले के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर व्यापारियों को आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को समझना और उनके समाधान के लिए सीधा संवाद स्थापित करना रहा।

बैठक के दौरान जिले के व्यापारियों ने जीएसटी रिटर्न की जटिलताओं को लेकर अपनी प्रमुख चिंताएं साझा कीं। व्यापारियों ने मांग रखी कि जीएसटी रिटर्न भरने की प्रक्रिया को इतना सरल बनाया जाए कि व्यापारी स्वयं इसे आसानी से संचालित कर सकें, जिससे वे अनावश्यक तकनीकी उलझनों और अतिरिक्त खर्चों से बच सकें। इसके साथ ही आयकर रिटर्न की प्रक्रिया को भी अधिक सहज और सुलभ बनाने पर जोर दिया गया, ताकि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी बिना किसी परेशानी के अपना कर अनुपालन कर सकें। अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी ने सभी संगठनों के सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए बिंदुओं और सुझावों को भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों और शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जाएगा। बैठक के अंत में व्यापारी हितों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई और व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि इस संवाद से भविष्य में व्यापारिक नीतियों में सरलता आएगी।

## बकस्वाहा में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती, निकली भव्य शोभायात्राएं

**बकस्वाहा।** नगर में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। छतरपुर रोड स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी। सबसे पहले सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान हनुमान की भक्ति में लीन नजर आए। मंदिर परिसर जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा।
सुंदरकांड पाठ के पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और आकर्षक झांकियों के साथ भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु नृत्य करते और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

## पुलिसकर्मी की अभद्रता का वीडियो वायरल, किसान से गाली-गलौज और पैसे मांगने का आरोप



**छतरपुर।** जिले के सटई थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी द्वारा किसान परिवार के साथ अभद्र व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि फसल कटाई को लेकर बातचीत के दौरान पुलिसकर्मी किसान को गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। साथ ही उस पर पैसे मांगने के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच की बात कही जा रही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मी पर कार्रवाई हो सकती है।

# छतरपुर के देशी फ्रिज की डिमांड कई शहरों में, इस स्टार्टअप से सरकार की बेरुखी क्यों...?



**छतरपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही छतरपुर के मिट्टी के मटकों की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। 'देशी फ्रिज और प्राकृतिक फिल्टर के रूप में पहचान बना चुके ये मटके न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी बड़ी मात्रा में सप्लाई किए जा रहे हैं। कोरोना काल के बाद लोगों का झुकाव फ्रिज के ठंडे पानी की बजाय मटके के प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पानी की ओर बढ़ा है, जिससे हर घर में इनकी डिमांड देखी जा रही है।

छतरपुर के पन्ना नाका, कॉलेज तिराहा, बस स्टैंड और महोबा रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर मटकों की बिक्री जोरों पर है। बाजार में छोटे-बड़े मटकों की कीमत 50 रुपये से लेकर 300 रुपये तक है, जबकि सामान्य घड़ा 60 से 100 रुपये में मिल रहा है। टोटी वाले और बिना टोटी वाले मटकों की विशेष मांग बनी हुई है। हालांकि बढ़ती मांग के बावजूद कारीगरों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो पा रही है। मटके बनाने वाले कारीगर बताते हैं कि इस काम में मेहनत और लागत दोनों ही ज्यादा हैं, लेकिन मुनाफा बेहद कम मिलता है। मटका तैयार करने की प्रक्रिया भी काफी जटिल होती है—मिट्टी को भिगोना, छानना, उसमें गोबर कंडे की राख मिलाना, आकार देना, सुखाना और फिर रंगाई-पुताई करना—हर चरण में मेहनत लगती है।

कारीगरों के अनुसार काली मिट्टी से बने मटके ज्यादा मजबूत और ठंडक बनाए रखने में बेहतर होते हैं। लेकिन मिट्टी भी उन्हें बाजार से महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती है। एक ट्रॉली मिट्टी की कीमत करीब 3 हजार रुपये तक पहुंच जाती है, जिससे लागत और बढ़ जाती है। छतरपुर के रावतन मोहल्ले एवं सटई रोड़ के कारीगरों का कहना है कि यह उनका पारंपरिक व्यवसाय है और उन्हें इसके अलावा कोई अन्य काम नहीं आता। मटकों का सीजन केवल दो महीने का होता है, जिससे पूरे साल का गुजारा करना मुश्किल हो जाता है। कारीगरों ने सरकार से मांग की है कि यदि इस पारंपरिक कला को प्रोत्साहन दिया जाए और 'माटी कला बोर्ड जैसी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले, तो इसे उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है। फिलहाल कई कारीगरों को इन योजनाओं की जानकारी तक नहीं है, जिससे वे सरकारी मदद से वंचित हैं। चिलचिलाती गर्मी में मटके का पानी जहां लोगों को राहत देता है, वहीं यह पारंपरिक हुनर आज भी अपने अस्तित्व और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है।

## कारीगरों को माटी कला बोर्ड योजना की जानकारी नहीं

मिट्टी के बर्तन के कारीगर का कहना है "यह काम हम लोगों का पुस्तैनी है, बड़ी मेहनत लगती है, एक दिन में 10 ही मटके बनते हैं, महीनों पहले से काम शुरू हो जाता है, छतरपुर के मटकों की मांग कई शहरों में है." वहीं हमेशा मिट्टी के मटके के पानी पीने वाले "घर में वैसे तो फ्रिज है लेकिन कोरोना काल के बाद हम लोगों ने फ्रिज का पानी पीना बंद कर दिया है, उनके जैसे बहुत लोग हैं जो अब केवल मटके का ही पानी पीते हैं, ये पानी सेहत के लिए लाभदायक भी है, मिट्टी के मटके का पानी शीतलता से भरपूर होता है, ना ज्यादा ठंडा और ना गम.र्" वहीं, मिट्टी के कारीगरों की समस्या को लेकर छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवालका कहना है "माटी कला बोर्ड योजना के तहत इन कारीगरों को लाभ दिया जाता है, जो लोग इस काम को करते हैं उन्हें आवेदन करना चाहिए, हरेक पात्र व्यक्ति को लाभ मिलेगा."

# यूथ कांग्रेस ने लॉन्च किया संविधान लीडरशिप प्रोग्राम का पोस्टर





**छतरपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए संविधान लीडरशिप प्रोग्राम का पोस्टर लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यूथ कांग्रेस अब जिले के युवाओं को संविधान की मूल भावनाओं से जोडऩे और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य करेगी।**

पोस्टर लॉन्चिंग के अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता युवराज सिंह यादव ने कहा कि इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के संविधान के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय राजनीति की मुख्यधारा से जोडऩा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह अभियान उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान हरनारायण यादव, संदीप पटेल और विवेक अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग होना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अभियान को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया।



# ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी
## किराए का रिक्शा चलाता था मृतक

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पीतांबरा मंदिर के समीप रेलवे पुल के पास एक युवक द्वारा ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी आज सुबह रेलवे पुलिस द्वारा सिविल लाइन थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस के अनुसार, मृतक की शिनाख्त 32 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल साहू के रूप में हुई है। सुरेंद्र मूल रूप से सटई रोड पर एक किराए के मकान में रहता था और किराए का रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता था। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव क्षत-विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और मृतक के परिजनों व परिचितों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद सटई रोड क्षेत्र में शोक की लहर है।

# खेत की रखवाली कर रहे मूकबधिर युवक पर जानलेवा हमला



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरवा में देर रात एक मूकबधिर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पूरन अहिरवार अपने खेत पर रखवाली कर रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उसे अपना निशाना बनाया और उसके साथ गंभीर मारपीट कर फरार हो गए।

घटना की जानकारी तब हुई जब बगल के खेत में मौजूद एक व्यक्ति ने पूरन की हालत देखी और तत्काल उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बिना देरी किए डायल 112 को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसका उपचार जारी है। मूकबधिर होने के कारण पूरन घटना के बारे में विस्तार से बताने में असमर्थ है, जिससे पुलिस के लिए हमलावरों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। परिजनों ने पुलिस से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि हमले के कारणों और दोषियों का पता लगाया जा सके।

# बैल से टकराई बाइक, 19 वर्षीय युवक की मौत

*सड़क हादसे में विशाल नाथ की गई जान, गांव में शोक की लहर*



**छतरपुर।** जिला अस्पताल छतरपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। टीकमगढ़ जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र के धनेरा गांव निवासी 19 वर्षीय विशाल नाथ की गुरुवार शाम बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 7 बजे विशाल नाथ अपनी बाइक से देरी और धनेरा के बीच सड़क से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक सामने से आ रहे एक बैल से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी जान बचाने की पूरी कोशिश की। लेकिन रात करीब 9 बजे युवक ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार सुबह 11 बजे विशाल नाथ का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## संगम सेवालयः महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता सेमिनार का किया आयोजन

**छतरपुर।** संगम सेवालय द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5, सिद्ध गणेश मोहल्ला में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था।सेमिनार में उपस्थित महिलाओं को विशेषज्ञों द्वारा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण से बचाव, तथा सही जीवनशैली अपनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि जागरूकता और सही देखभाल से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं और उनके समाधान भी प्राप्त किए।इस अवसर पर संगम सेवालय की ओर से सभी उपस्थित महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया, जिससे वे सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। इस पहल को महिलाओं ने अत्यंत सराहा और इसे उनके लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही, जो इस बात का प्रमाण है कि समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। संगम सेवालय के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था आगे भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी, ताकि महिलाओं को सशक्त और स्वस्थ बनाया जा सके। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने संगम सेवालय के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

# महाआरती से जगमगा उठा बागेश्वर धाम, आध्यात्मिक वातावरण से मिला मन को आनंद

**सेवा, भक्ति और समर्पण का नाम है हनुमानः पुंडरीक गोस्वामी**

**हनुमान जी की कृपा से हर कार्य सिद्ध होते हैंः बागेश्वर महाराज**

**छतरपुर।** सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में इस बार का श्री हनुमान जन्मोत्सव अपने आप में अनूठा था। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की मंशानुरूप बालाजी की कृपा से महोत्सव को दिव्य और भव्य बनाया गया। एक साथ 21 हजार लोगों ने महा आरती में अपनी उपस्थिति दी। हालांकि इस मौके पर बड़ी संख्या में देसी विदेशी धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। सायं काल में श्री हनुमान जी के चरित्र पर चर्चा करने श्री धाम वृंदावन से आए पुंडरीक गोस्वामी जी ने कहा कि हनुमान जी सेवा, भक्ति और समर्पण का प्रतिरूप है। वातावरण जय श्री राम तथा जय बजरंगबली के जयघोषों से गूंज उठा। वही बागेश्वर महाराज ने कहा कि हनुमान चालीसा चाहिए सीख मिलती है कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हनुमान जी की कृपा से ना हो सके।
श्री हनुमान के चरित्र की चर्चा करते हुए कथा व्यास पुंडरीक गोस्वामी जी ने पहले श्री रघुनाथ की चर्चा की।



कथा व्यास श्री गोस्वामी ने कहा कि बाह्य विकारों को समाप्त करने के लिए हमें अपने भीतर अग्नि स्वरूप रघुनाथ को प्रज्वलित करना होगा। उन्होंने बताया कि सच्ची उपासना केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि यह आत्मिक परिवर्तन की प्रक्रिया है।
कथा के दौरान उन्होंने उपासना का गूढ़ अर्थ समझाते हुए कहा कि उपासना का अर्थ है सरकना अर्थात बुद्धि से विवेक की ओर, अंतःकरण से चित्त वृत्ति की ओर और आत्मा से परमात्मा की ओर गमन करना ही सच्ची उपासना है। श्री हनुमंत कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कथा व्यास ने भगवान हनुमान के जीवन प्रसंगों के माध्यम से सेवा, समर्पण और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य अपने जीवन में हनुमान जी के आदर्शों को अपनाता है तो वह हर संकट से पार पा सकता है। कथा के पहले दुनिया के सबसे छोटे ग्रंथ श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय वाचन हुआ। गुजरात से आई टीम की ओर से प्रस्तुति दी गई।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री रामचरितमानस सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। आचार्य रोहित रिछारिया महाराज ने बताया कि इस अवसर पर बुंदेलखंड के प्रख्यात मानस मर्मज्ञ बागेश्वर धाम पधारे, उनकी ओर से रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का गूढ़ अर्थ समझाया गया। सम्मलेन में रामदास महाराज महंत मघेरे हनुमान मंदिर, महावीर दास त्यागी पारीछा, हरिओम दास झांसी, राजेंद्र दास मेहंदी बाग झांसी, आचार्य शशि शेखर, आचार्य अंकुश जी महाराज औरैया, गुरु प्रसाद महाराज पचोखरा, आचार्य राजेंद्र पाठक उरई, दीदी नीलम गायत्री, दीदी कमलेश्वरी देवी एट, रामजीवन पश्तोर निवाड़ी, गोपाल दास महाराज शिवपुरी, नीलमणि दास दमोह, मृदुल बिहारी छतरपुर, बृजेश महाराज पीतांबरा पीठ छतरपुर, तेजस महाराज जालौन ने अपनी वाणी से रामचरितमानस के प्रसंगों का रसपान कराया।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 270 लीटर अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**बक्स्वाहा। मध्य प्रदेश शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बक्स्वाहा पुलिस ने दमोह रोड पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को प्रभात गश्त के दौरान हीरापुर-दमोह रोड पर अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मार्ग पर चेकिंग लगाई। इसी दौरान हीरापुर की ओर से आ रही एक संदिग्ध एक्सएल 6 मारुति सुजुकी कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन तेज गति से भगाने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें 30 पेटी (करीब 270 लीटर) अवैध शराब बरामद हुई। साथ ही लगभग साढ़े 11 लाख रुपये कीमत की कार भी जब्त की गई। इस मामले में कौशल बुंदेला और विनय सिंह चौहान को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि पुलिस द्वारा मामले की विवेचना जारी है।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद् नौगांव जिला छतरपुर (म.प्र.)

क्रमांक.004/राजस्व/न.पा./नौगांव/2026-27 दिनांक 02.04.2026

### तृतीय निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका नौगांव द्वारा वर्ष 2026-27 में वाहनो पर उपभोक्ता प्रभार शुल्क वसूली ठेका हेतु ऑनलाईन निविदायें आहूत की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | टेण्डर नं. | आफसेट राशि | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | ठेके की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहनो पर उपभोक्ता प्रभार शुल्क वूसली ठेका | 2026_UAD _496819_1 | 2015400/- | 21200/- | 5000/- | 12 माह |

1. इच्छुक दर दाता ठेके से संबंधित जानकारी कार्यालय अथवा बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर जाकर देख सकते है।
2. निविदा फार्म दिनांक 03.04.2026 10.30AM to 11.04.2026 17.30 PM तक खरीदे जा सकते है।
3. ठेके से संबंधित कोई भी संसोधन केवल बेवसाईट पर प्रकाषित किया जावेगा समाचार पत्र में नही।
4. आफसेट राशि से सबसे अधिक राशि भरने वाले निविदाकार की निविदा स्वीकृत की जावेगी तथा आफसेट राशि से कम राशि की दर पर विचार नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् नौगांव जिला छतरपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### सरकारी दफ्तरों पर बिजली विभाग सख्त, साढ़े 3 करोड़ से ज्यादा बकाया

**रीवा।** शहर में सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। विभिन्न विभागों पर बिजली बिल का भारी बकाया होने के कारण अब बिजली विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थिति यह है कि शहर के सरकारी कार्यालयों पर कुल मिलाकर साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है।कार्रवाई की शुरुआत करते हुए बिजली विभाग ने जनपद पंचायत कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया है। बताया जा रहा है कि इस कार्यालय पर करीब 3 से 4 लाख रुपये का बिल लंबे समय से बकाया था। कई बार नोटिस और मौखिक चर्चा के बावजूद भुगतान नहीं होने पर विभाग को यह कदम उठाना पड़ा। बिजली कटने के बाद जनपद पंचायत कार्यालय का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच कर्मचारी बिना पंखे और कूलर के काम करने को मजबूर हैं। हालात ऐसे हैं कि कर्मचारी कागज को ही पंखा बनाकर किसी तरह काम निपटा रहे हैं। वहीं कार्यालय आने वाले आम नागरिक भी गर्मी से परेशान हो रहे हैं।नगर निगम समेत कई विभागों पर करोड़ों का बकायाजानकारी के मुताबिक, नगर निगम पर अकेले करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। इसके अलावा अन्य कई सरकारी विभागों के भी लाखों रुपये लंबित हैं। कुल बकाया राशि साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

### तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**रीवा।** जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मृतक पिता मुंबई रोजगार के लिए जा रहे थे, जिन्हें उनका इकलौता बेटा रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही दोनों की जिंदगी थम गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपौली गांव निवासी 55 वर्षीय रामाश्रय साहू मुंबई जाने के लिए घर से निकले थे। उनका इकलौता पुत्र मनीष साहू उन्हें बाइक से रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। दोपहर के समय जैसे ही वे चोरहटा थाना क्षेत्र के सकरवट मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है तथा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक मनीष साहू अपने पिता का इकलौता सहारा था। एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कटे यूनिक जूते के निशान बने कातिल की पहचानः सिर काटकर की गई अधेड़ महिला की हत्या का पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा

**चोरी के इरादे से घर में घुसा आरोपी पड़ोसी, पहचान खुलने पर की निर्मम हत्या, 150 सीसीटीवी कैमरों और आसपास के दर्जनों लोगों से पूछताछ के बाद आरोपी तक पहुंची पुलिस**





**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में हुई अधेड़ महिला की सिर काटकर की गई नृशंस हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में सबसे अहम सुराग आरोपी के कटे यूनिक हुए जूते के निशान बने, जिन्होंने पुलिस को सीधे कातिल तक पहुंचा दिया। बता दे आरोपी मृतका का पड़ोसी राजा केवट पिता दुर्गा केवट उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लोही थाना बिछिया ही निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पूरे मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी आरती सिंह ने बताया कि आरोपी चोरी की नीयत से देर रात अधेड़ महिला के घर में दाखिल हुआ था। घर के भीतर आहट होने पर महिला की नींद खुल गई और उसने आरोपी को देख लिया। ऐसे में अपनी पहचान उजागर होने के डर से घर के अंदर ही आरोपी ने धारदार हथियार से महिला की हत्या कर दी। इसके बाद वारदात को छिपाने के लिए उसने कुल्हाड़ी से महिला का सिर धड़ से अलग कर दिया, मामले को उलझाने के लिए आरोपी राजा केवट ने महिला के शव घर से बाहर निकालकर हाईवे में फेंकने के फिराक में था किंतु जैसे ही आरोपी ने महिला के शव को बाहर निकाला तो मोहल्ले के आवारा कुत्तों की गैंग ने भौंकना शुरू कर दिया, इसके बाद आरोपी डर गया और महिला के धड़ को घर के बाहर ही फेंक कर एवं सर को घर से लगभग 200 मीटर दूरी पर गेहूं के खेत पर फेंक कर मौके से फरार हो गया, सुबह जैसे ही जानकारी क्षेत्र में लोगों को हुई क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस को कुछ असामान्य पदचिन्ह मिले। ये निशान सामान्य जूतों से अलग थे। जांच में सामने आया कि आरोपी के पैर में चोट थी, जिसके कारण उसने एक जूता काटकर पहना हुआ था। यही 'यूनिक फुटप्रिंट' पुलिस के लिए सबसे बड़ा सुराग साबित हुआ।150 सीसीटीवी कैमरों की जांच, तब मिला सुरागमामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास लगे करीब 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों के दर्जनों लोगों से पूछताछ की गई। तकनीकी साक्ष्य और पदचिन्हों के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर उसे हिरासत में लिया।सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार को पास के एक तालाब से बरामद किया गया है।हादसा दिखाने की थी साजिशपुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी वारदात को हादसा दिखाने की योजना बना रहा था। वह महिला के शव को घर से दूर हाईवे की ओर फेंकने की फिराक में था, लेकिन मोहल्ले में कुत्तों के भौंकने से घबराकर शव को घर के बाहर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी अपने घर नहीं जा रहा था। वह दिन में मजदूरी करता और रात में आसपास ही कहीं छिपकर समय बिताता था, ताकि पुलिस की नजर से बच सके।मजदूरी करता है आरोपीगिरफ्तार आरोपी राजा केवट पेशे से मजदूर है और आसपास की दुकानों व राइस मिलों में पल्लेदारी का काम करता था। आर्थिक तंगी के चलते उसने चोरी की योजना बनाई, जो अंततः हत्या जैसे जघन्य अपराध में बदल गई।चोरी की नियत से घर में हुआ था दाखिलएडिशनल एसपी ने बताया कीइ गांव मे कई लोगो से पूछताछ की गई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए 3 दिन की कड़ी मेहनत के बाद गांव मे मृतिका के पड़ोस मे ही रहने वाले राजा केवट को हिरासत मे लिया गया. पुलिस ने टीम ने जब सख़्ती दिखाई तो आपी हत्या की जुर्म को कबूल कर लिया. आरोपी चोरी के उद्देश्य से महिला के घर मे घुसा था. इस दौरान महिला नींद से जाग गई. जिसके बाद उसने कुल्हाड़ी मारकर महिला की हत्या कर दी. पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने शव को घर के पीछे फेंक दिया और सिर को धड से अलग कर दिया।

### रीवा और मऊगंज जिले में 2319.43 करोड़ की बड़ी जल योजना से 1.29 लाख परिवारों को मिलेगा शुद्ध पानी



रीवा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार ठोस कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रीवा संभाग में मध्यप्रदेश जल निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, रीवा द्वारा संचालित रीवा समूह जल प्रदाय योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। लगभग 2319.43 करोड़ रुपए की लागत से विकसित इस योजना में जल शोधन संयंत्र तक रॉ वाटर पहुंचाया जा चुका है, जिससे परियोजना के आगामी चरणों में गति मिलने की स्थिति बनी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके के मार्गदर्शन में क्रियान्वित इस योजना के माध्यम से रीवा जिले के 677 ग्रामों और मऊगंज जिले के 936 ग्रामों के कुल 1613 ग्रामों को जोड़ा जा रहा है। योजना के पूर्ण होने पर लगभग 1.29 लाख ग्रामीण परिवारों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में लंबे समय से बनी जल समस्या का समाधान संभव होगा। जल शोधन संयंत्र तक रॉ वाटर की आपूर्ति सुनिश्चित होना परियोजना के क्रियान्वयन का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसके बाद जल शोधन और वितरण नेटवर्क के माध्यम से घर-घर पेयजल आपूर्ति की दिशा में कार्य को और गति दी जाएगी। योजना में गुणवत्ता, निरंतरता और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में हर-घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य की दिशा में यह योजना एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आ रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार और स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन होगा।

# उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी द्वारा उपमुख्यमंत्री शुक्ल का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

# जमीन के नीचे छिपाकर रखी थी नशीली कफ सिरप और शराब

**आबकारी विभाग ने खोदकर निकाली खेपतीन पेटी शराब और एक बोरी कोरेक्स बरामद; एक तस्कर गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज**

रीवा।

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन के भीतर छिपाकर रखी गई शराब और नशीली कफ सिरप की खेप बरामद की है।



इस दौरान मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत मनिकवार पुलिस चौकी के ग्राम डूंडा में की गई। आबकारी विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के आसपास जमीन के नीचे नशीले पदार्थों का भंडारण कर अवैध रूप से बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ग्राम डूंडा निवासी रोहित जायसवाल के मकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान जब घर के आसपास संदिग्ध स्थानों की जांच की गई, तो जमीन के नीचे गड़े होने के संकेत मिले। इसके बाद टीम ने मौके पर खुदाई कराई, जिसमें बड़ी मात्रा में नशे का सामान बरामद हुआ। खुदाई के दौरान जमीन के भीतर से तीन पेटी शराब और एक बोरी में भरी नशीली कफ सिरप (कोरेक्स) की शीशियां बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार, यह सामग्री लंबे समय से जमीन में छिपाकर रखी गई थी, जिससे अवैध रूप से नशे का कारोबार संचालित किया जा रहा था। आबकारी विभाग ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से इस अवैध कारोबार के नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# ईरान पर हुए हमले से उत्पन्न मध्य पूर्व अशांति और होर्मुज संकट के लिए अमेरिका इजराइल गुनाहगार : अजय खरे

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि एक माह पहले अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परंपरागत तेल भंडारों पर नियंत्रण रखने के नापाक इरादों के साथ जिस तरह अचानक युद्ध की शुरुआत कर दुनियां का अमन चैन छीना उसे लेकर तमाम थू-थू हो रही है। इसके चलते होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व व्यापी तेल संकट पैदा हुआ। गुरुवार 2 अप्रैल को इंग्लैंड की अध्यक्षता में 35 देशों ने होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी नाकेबंदी खुलवाने के लिए लंदन में एक बैठक की जिसमें भारत ने वर्चुअल भागीदारी की। हार्मुज शिखर बैठक' में ईरान की आलोचना की गई। जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौसैनिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी और व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग पर जोर दिया गया। श्री खरे ने कहा कि लंदन बैठक में मौजूदा संकट में अमेरिका और इजरायल की हमलावर भूमिका को लेकर चुप्पी साधते हुए ईरान को कटघरे में खड़ा जाना अत्यंत आपत्तिजनक बात है। आखिरकार इसे लेकर फ्रांस चीन और रूस ने वीटो पावर लगा दिया। श्री खरे ने कहा कि मौजूदा मध्य पूर्व संकट के लिए जिम्मेदार अमेरिका और इजरायल की जगह युद्ध पीड़ित ईरान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाना बहुत आपत्तिजनक शर्मनाक बात है। एक तरह से यह बात युद्ध आक्रांता देश अमेरिका और इजरायल की खुशामदी है जिसमें उनके खिलाफ एक शब्द नहीं बोलकर ईरान की निंदा की गई । अमेरिका और इजरायल के द्वारा शुरू किए गए हमले के बाद ईरान अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। हर संप्रभुता सम्पन्न देश चाहता है कि उसकी एकता और अखंडता बाधित न हो। बीसवीं सदी में दुनिया के अधिकांश देश आजाद हुए थे। इस वजह से उसे आजादी की शताब्दी भी कहा जाता है। लेकिन आजादी की शताब्दी के मध्य में आजाद तिब्बत को साम्राज्यवादी चीन के द्वारा गुलाम बना लिया जाना दुनिया के स्वतंत्रता के पक्षधरों के लिए 21 वीं शताब्दी में भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। वेनेज़ुएला हो या ईरान एक देश के रूप में उनका स्वतंत्र वजूद बना रहना चाहिए। लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने कहा कि फिलहाल ईरान की संप्रभुता का सम्मान करते हुए होर्मुज जल डमरूमध्य संकट पर उससे बातचीत होना चाहिए। होर्मुज ईरानी भूमि से 5 किलोमीटर दूर है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के अनुसार 22 किलोमीटर दूरी तक संबंधित देश की संप्रभुता रहती है

# क्योटी जलप्रपात में फिर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश, कई दिन पुरानी होने की आशंका, चट्टानों के बीच फंसा मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस



**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र स्थित क्योटी जलप्रपात में एक बार फिर अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जलप्रपात के नीचे चट्टानों के बीच फंसे शव को सबसे पहले स्थानीय लोगों ने देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिरमौर थाना प्रभारी दीपक तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जलप्रपात की गहराई में फंसे शव को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी। दुर्गम स्थल होने के कारण रेस्क्यू कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शव पानी के बीच चट्टानों में फंसा हुआ था और उसकी स्थिति को देखते हुए पुलिस का अनुमान है कि मौत कई दिन पहले हुई है। हालांकि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे मामले की गुत्थी और उलझ गई है। पुलिस ने आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का ब्यौरा जुटाना शुरू कर दिया है, ताकि शव की पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। व थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।गौरतलब है कि क्योटी जलप्रपात क्षेत्र में पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### घर में अकेली नाबालिक के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी गिरफ्तार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई घटना फ्रूटी खरीदने के बहाने घर में घुसा था आरोपी

रीवा।

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिवस एक आरोपी के द्वारा 12 साल के बच्ची को हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया गया किशोरी की हिम्मत के आगे आरोपी के हौसले टूट गए और वह फरार हो गया,घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभावित श्रृंगेश राजपूत ने बताया कि लड़की के परिजन ठेला लगाकर खाने पीने का सामान बेचते हैं,घटना दिवस यानी 2 अप्रैल को जब उसके मां-बाप किराना का सामान लेने बाजार गए हुए थे तभी आरोपी घोघर निवासी शकील खान फ्रूटी खरीदने पहुंच गया,जब 12 साल की बच्ची फ्रूटी लेने के लिए घर के अंदर गई आरोपी भी घर के अंदर प्रवेश कर गया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा, जब पीड़िता ने शोर मचाने का प्रयास किया तो आप आई उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती करने लगा इसी दौरान फिर लड़की की चीख निकली इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया,घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुड़ गई और कुछ इस समय बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा वैश्विक संस्कृति, प्रेम, शांति व सद्भावना का संदेश लेकर निकाली गई परमात्मा शिव की भव्य रैली

मऊगंज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मऊगंज के तत्वावधान में "वैश्विक संस्कृति, प्रेम, शांति एवं सद्भावना" के पावन उद्देश्य को लेकर परमात्मा शिव की दिव्य स्मृति में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह आध्यात्मिक रैली जिले की तहसील क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुई।रैली में ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों ने परमात्मा शिव के सच्चे ज्ञान और मानव जीवन के उच्च लक्ष्य का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में भाईचारा, एकता और "वसुधैव कुटुम्बकम्" अर्थात विश्व एक परिवार की भावना को सशक्त करना रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिवक्ता संघ मऊगंज के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि में अधिवक्ता अखिलेश दुबे (सचिव अधिवक्ता संघ मऊगंज) महेश द्विवेदी, दयानंद मिश्र, राजेंद्र कुमार एवं सज्जन सिंह तिवारी



(अधिवक्ता)सहित अनेक गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं अधिवक्ताओं को परमात्मा शिव का दिव्य संदेश प्रदान किया गया। साथ ही "नर से नारायण एवं नारी से लक्ष्मी बनने" के आध्यात्मिक लक्ष्य को दर्शाते हुए विशेष आध्यात्मिक कार्ड वितरित किए गए, जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को श्रेष्ठ एवं मूल्यवान बना सके।ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से मऊगंज सेवा केंद्र प्रभारी बीके पूर्णिमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में आत्मचिंतन और परमात्म चिंतन ही सच्चे परिवर्तन का आधार है। जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से संबंध जोड़ता है, तभी उसके जीवन में शांति, प्रेम और शक्ति का संचार होता है।कार्यक्रम में बीके खुशबू, बीके सुभाष भाई, बीके राहुल भाई, रानी गुप्ता एवं शंकर दयाल वर्मा सहित अन्य सेवाधारी भाई-बहनों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और रैली को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि परिवार में आपसी प्रेम, सम्मान और सहयोग की भावना से ही समाज और विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। "एकता में शक्ति" और "विश्व एक परिवार" की भावना को आत्मसात करते हुए सभी को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर परमात्मा शिव की आरती एवं वंदना की गई। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को बुराइयों एवं नशे जैसी कुरीतियों को त्यागने तथा श्रेष्ठ जीवन जीने का संकल्प दिलाया गया।इस प्रकार यह आध्यात्मिक रैली न केवल एक कार्यक्रम रही, बल्कि आत्मजागृति, आत्मपरिवर्तन और विश्व कल्याण की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हुई।

# टेस्टिंग के दौरान धराशाई पानी टंकी की जांच के लिए कलेक्टर ने किया समिति का गठन

### इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति एक सप्ताह के भीतर देगी जांच रिपोर्ट

**मऊगंज।** टेस्टिंग के दौरान धराशाई पानी की टंकी के जांच हेतु कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन द्वारा तीन सदस्य टीम का गठन किया गया है। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिले के नईगढ़ी विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले ग्राम खटखरी में 75 हजार लीटर क्षमता की आरसीसी टंकी के परीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त होने की जाँच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा के प्राचार्य डॉ. आरपी तिवारी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में प्राध्यापक सिविल इंजीनियरिंग जीईसी रीवा डॉ. डीके जैन तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री जैन द्वारा समिति को टंकी के क्षतिग्रस्त होने की तकनीकी जाँच करके एक सप्ताह में प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं।

### पानी भरते ही भर-भराकर ढह गई थी टंकी

जिले के नईगढ़ी जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खटखरी में मेसर्स शिवेंद्र तिवारी संविदा कार द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन समय सीमा के अंदर जारी निविदा के 3 वर्ष के भीतर भी ठेकेदार द्वारा पूर्ण काम नहीं कराया जा सका, जिसके चलते योजना को पूर्ण करने हेतु निर्माण राशि में वृद्धि की गई थी। इस दौरान बीते सप्ताह टेस्टिंग के लिए टंकी में पानी भरा जा रहा था कि तड़के करीब 4 बजे ताश के पत्तों की तरह भर-भराकर पानी की टंकी ढह गई थी। जिस पीएचई विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा उपयंत्री को निलंबित कर दिया गया था। इधर कलेक्टर जांच समिति का गठन करते हुए टंकी के धराशाई होने के कारण का परीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

